वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No-MEMO/EXAM/VMSBUTU/2026 Date-25-11-2026

2905

सेवा में,

समस्त निदेशक/प्राचार्य एवं संबंधित विभागाध्यक्षों,
परिसर एवं संबद्ध संस्थानों/महाविद्यालयों
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून

विषयः विषम सेमेस्टर 2026-27 हेतु विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शिक्षण कार्य एवं परीक्षा संबंधी गतिविधियों को निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार पूर्ण किए जाने के संबंध में।

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित शैक्षणिक कैलेंडर दिनांक 18.11.2026 के अनुसार विषम सेमेस्टर 2026-27 हेतु शिक्षण कार्य एवं परीक्षा संबंधी गतिविधियों की तिथियाँ निम्नवत निर्धारित की गई हैं।

क्र.सं.	गतिविधि का विवरण	निर्धारित तिथि
1.	शिक्षण कार्य की अंतिम तिथि (Last Date of Teaching)	30 नवम्बर 2026
2.	परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि (Last Date of Examination Fee Submission)	27 नवम्बर 2026
3.	सत्रीय अंकों को UMS पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि	07 दिसम्बर 2026
4.	प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि (Issue of Admit Cards)	05 दिसम्बर 2026
5.	प्रायोगिक परीक्षा (Practical Examination)	03 से 09 दिसम्बर 2026
6.	प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड करने की अंतिम तिथि	10 दिसम्बर 2026
7.	विषम सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षा (Odd Semester Theory Examination)	10 से 31 दिसम्बर 2026

अतः समस्त संबद्ध संस्थानों/महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा निर्धारित अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2026 तक समस्त शिक्षण कार्य पूर्ण कर लें।

P.T.O.

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

सभी संस्थान यह सुनिश्चित करें कि पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क 27 नवम्बर 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करा दिए जाएँ। किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथि के पश्चात लंबित नहीं रहना चाहिए।

साथ ही, सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति (Attendance) नियमित रूप से UMS पोर्टल पर अंकित एवं अद्यतन करना सुनिश्चित करें। सत्रीय अंकों एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंकों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर UMS पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

सभी संस्थान प्रायोगिक परीक्षाएँ निर्धारित अवधि में पूर्ण कराते हुए उनके अंक 10 दिसम्बर 2026 तक UMS पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें, जिससे सैद्धांतिक परीक्षाओं के संचालन में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

निर्धारित समय–सीमा का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में संबंधित संस्थान/महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(डॉ0एस0के0गोयल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2- कुलसचिव,वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3- वित्त नियंत्रक,वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4- यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5- गार्ड फाइल।

(डॉ0एस0के0गोयल)
परीक्षा नियंत्रक